पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

इण्डियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स का 68वां अधिवेशन सम्पन्न

पत्रकारिता में प्रमाणिकता का संकल्प जरूरी है - राज्यपाल

लखनऊः 18 नवम्बर, 2014

आपके दो दिवसीय अधिवेशन में केन्द्र और राज्य सरकार से जो भी आपकी जायज मांग होगी उस प्रस्ताव की प्रति आप मुझे देंगे तो मैं आश्वासन देता हूं कि इस संबंध में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार तक आप की बात पहुंचाने का प्रयास करूंगा। प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री ने कुछ आश्वासन दिये हैं। यह बात प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज इण्डियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के 68वें राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह में कही। इस अवसर पर राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा, कर्नाटक, श्रीलंका, केरल, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड व अन्य प्रदेशों के आये प्रतिनिधिगण ने राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने कहा कि देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक विकास में संचार माध्यमों का विशेष महत्व है। पत्रकार एक बड़ी ताकत है। आज विचार करने की जरूरत है कि जनहित में इस ताकत का कैसे प्रयोग करें। पत्रकार की लेखनी का असर सीधे समाज पर होता है। इसलिये पत्रकारिता के आदर्श के अनुरूप तथ्य और सच्चाई का विशेष ध्यान रखंे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में प्रमाणिकता का संकल्प जरूरी है।

श्री नाईक ने कहा कि देश में पत्रकारिता की शुरूआत एक मिशन के रूप में हुई। देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाने में पत्रकारों ने अद्भुत कार्य किया। देश की आजादी में बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी जैसे नेताओं ने पत्रकारिता के माध्यम से जनमत तैयार किया था। अलग-अलग भाषाओं को साथ लेकर चलना चाहिये। पत्रकारिता से समाज को एक नई सोच व नया विचार मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रेस का सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बहुत महत्व है।

राज्यपाल ने पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनको सदैव प्रेस का सहयोग मिला है। उन्होंने अपनी ओर से धन्यवाद करते हुए विश्वास जताया कि प्रेस प्रतिनिधि आगे भी देश एवं प्रदेश के विकास में रचनात्मक, सकारात्मक एवं विकासोन्मुख भूमिका का निवर्हन करते रहेंगे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार श्री परमानन्द पाण्डेय ने कहा कि वर्किंग जर्नलिस्ट्स एक्ट में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने मांग रखी कि नई वेतन संबंधी रिपोर्ट लागू किया जाये, जिससे सभी पत्रकार लाभान्वित हों।

इस अवसर पर श्री के0 विक्रम राव, श्री सिद्धार्थ कलहंस, श्री श्याम बाबू, श्री हसीब सिद्दीकी सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकार व इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

INDIAN FEDERATION OF WORKING
JOURNALISTS (IFWJ)
8 th SESSION OF NATIONAL COUNCIL